www.lnmuonline.com

LNMU Question Paper BA Part-2 - 2014

Hindi (Hons.) Paper-IV

सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए : 15 x 3 = 45

(क) मुक्तिबोध संश्लिष्ट बिम्ब के कवि हैं। पठित कविताओं के आधार पर इस उक्ति पर विचार कीजिए।

(ख) सिद्ध कीजिए कि 'नागार्जुन' की कविताएँ कथन में सरल और व्यंग्य में तीखी है।

(ग) अज्ञेय के काव्य-शिल्प पर विचार कीजिए।

(घ) शमशेर बहादुर की काव्य-चेतना पर प्रकाश डालिए।

(ङ) भवानी प्रसाद मिश्र की 'गीतफरोश' कविता का भाव सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।

(च) 'केदारनाथ अग्रवाल की कविताओं में ग्राम्य-चेतना' पर अपना अभिमत प्रकट कीजिए।

(छ) नागार्जुन रचित 'कालिदास' अथवा 'बादल को घिरते देखा है' कविता कर काव्य-सौन्दर्य निरूपित कीजिए।

2. निम्नांकित लघु उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5 x 4 = 20

(क) दुष्यंत कुमार की गजलें

(ख) अशोक वाजपेयी का कवि-परिचय

(ग) त्रिलोचन का काव्य-संसार

(घ) चन्द्रकान्त देवताले का कवि-परिचय

(ङ) प्रयोगवाद और गिरिजा कुमार माथुर

(च) मंगलेश डबराल

(छ) अरुण कमल की रचनाएँ

(ज) रघुवीर सहाय की काव्य-चेतना

3. निम्नांकित अवतरणों में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 15 x 1 = 15

(क) हमारे कोण, गलियाँ, अन्तरीप, उभार, सैकत-कूल,
सब गोलाइयाँ उसी की गढ़ी हैं।
माँ है वह। मैं इसी से हम बने हैं।

(ख) वह रहस्यमय व्यक्ति
अबतक न पायी गयी मेरी अभिव्यक्ति है,
पूर्ण अवस्था वह
निज संभावनाओं, निहित प्रभावों, प्रतिभावों की
मेरे परिपूर्ण का आविर्भाव
हृदय के रिस रहे ज्ञान का तनाव वह, आत्मा की प्रतिमा।

(ग) शोक सभा को जाता था मैं लपका लपका
बार-बार अजनबी राह में पड़ जाते थे
एक सीध में चलते चलते ठीक सामने
ठिठक वहीं से मुड़ जाते थे।

(घ) कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास,
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास।
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकिलियों की गश्त,
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।

(ङ) सूनी है राह, अजीब है फैलाव,
सर्द अंधेरा
ढीली आँखों से देखते है विश्व उदास तारे।

www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com

www.lnmuonline.com

LNMU Question Paper BA Part-2 - 2014

4. निम्नांकित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए : 2 x 10 = 20

(क) मुक्तिबोध की कविताएँ किस 'सप्तक' में शामिल हैं?
(i) ताप सप्तक में (ii) दूसरा सप्तक में
(iii) तीसरा सप्तक में (iv) किसी सप्तक में नहीं

(ख) 'अन्धा युग' में कथा महाभारत के किस दिन की संध्या से प्रारम्भ होती है?
(i) आठवें दिन (ii) दसवें दिन (iii) अट्ठारहवें दिन
(iv) प्रभास तीर्थ में कृष्ण की मृत्यु के दिन

(ग) 'सात गीत वर्ष' किनकी रचना है?
(i) भवानी प्रसाद मिश्र की (ii) धर्मवीर भारती की
(iii) अज्ञेय की (iv) मुक्तिबोध की

(घ) 'प्रयोगवाद' को बैठे ठाले का धन्धा किसने कहा है?
(i) नंद दुलारे वाजपेयी (ii) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(iii) राम कुमार वर्मा (iv) राम विलास शर्मा

(ङ) 'अमन का राग' के रचयिता है :
(i) दिनकर (ii) धूमिल (iii) अज्ञेय (iv) शमशेर

(च) 'एक कंठ विषपायी, किनकी रचना है?
(i) शमशेर की (ii) दुष्यंत कुमार की
(iii) नरेश मेहता की (iv) कुँवर नारायण की

(छ) 'सतरंगे पंखोंवाली' किनकी रचना है?
(i) केदारनाथ अग्रवाल की (ii) नागार्जुन की
(iii) शमशेर की (iv) धर्मवीर भारती की

(ज) 'हो गई है पीर पर्वत सी पिघलनी चाहिए' किस कवि की पंक्ति है?
(i) त्रिलोचन की (ii) नागार्जुन की
(iii) दुष्यंत कुमार की (iv) नरेश मेहता की

(झ) 'काठ की घंटियाँ' किनकी कृति है?
(i) गिरिजा कुमार माथुर की (ii) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की
(iii) अरुण कमल की (iv) केदारनाथ अग्रवाल की

(ञ) 'आत्महत्या के विरुद्ध' के रचयिता हैं :
(i) कुँवर नारायण (ii) रघुवीर सहाय
(iii) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना (iv) गिरिजा कुमार माथुर
(v) इनमें से कोई नहीं

www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com